# निरीक्षण प्रतिवेदन

सत्यमेव जयते

| | | |
|---|---|---|
| कार्यालय का नाम | : | सर्व श्री एस० सी० आई० इण्डिया लिमिटेड, इकाई मद्य भण्डागार, मधुबनी |
| निरीक्षण की तिथि | : | 08.07.2002 |
| निरीक्षी पदा० का नाम | : | डा० बी० राजेन्दर<br>भा० प्र० से०<br>जिला पदाधिकारी,<br>मधुबनी |

डा० वी० राजेन्दर, भा०प्र०से०, समाहर्त्ता मधुबनी द्वारा दिनांक **08/07/2002** को सर्वश्री एस० सी० आई० इंडिया लिमिटेड रैयपुरा, रजौन, बाँका (भागलपुर) इकाई के देशी मद्य भण्डागार सह सैचेटिंग प्लान्ट मधुबनी का किये गये निरीक्षण की अभिलिखित निरीक्षण टिप्पणी।

## (1) परिचय :-

यह देशी मद्य भंडागार–सह–सैचेटिंग प्लान्ट, सदर थाना, मधुबनी के पीछे भौआडा की ओर जाने वाले पथ के किनारे पूरब में अवस्थित है। वताया गया कि एक अन्य सैचेटिंग प्लान मधुवनी शहर के मैक्सी स्टैण्ड, तिलक चौक स्थित एक निजी भवन में अवस्थित है। इस सैचेटिंग प्लान्ट का निरीक्षण अपराहन् 5.45 वजे किया गया। निरीक्षण के समय भंडागार खुला पाया गया। वताया गया कि इस भंडार में कोई अवर निरीक्षक पदस्थापित नहीं है। पत्रांक–4422, दिनांक 19.08.2000 के द्वारा इस मद्य भंडागार में अवर निरीक्षक का पदस्थापन खत्म कर दिया गया है। बताया गया है कि टीकेदार का प्रतिनिधि इसका देखभाल करता है। मद्य भंडागार का निरीक्षण एवं निगरानी, सदर अवर निरीक्षक उत्पाद एवं निरीक्षक उत्पाद सदर करते हैं। प्रतिनिधि के रूप मे श्री मनोज कुमार जयसवाल उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में यह ज्ञात हुआ कि यह सैचेटिंग प्लान्ट वर्ष 1995 से यहां चलता है, जिसका किराया टीकेदार द्वारा नही दिया जा रहा है, जवकि यह सरकारी भवन है। अनुज्ञाधारी द्वारा वताया गया कि समाहर्त्ता मधुवनी के आदेश से यहां सैचेटिंग प्लान्ट चलाया जा रहा है, परंतु इस संवंध में कोई आदेश की प्रति उपलब्ध नहीं कराया गया है। अधीक्षक उत्पाद को समाहर्त्ता, मधुवनी के आदेश की प्रति एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने का आदेश दिया जाता है। अनुज्ञाधारी को आदेश दिया जाता है कि वे दो माह के अंदर किसी दूसरे स्थान पर सैचेटिंग प्लान्ट की व्यवस्था सुनिश्चित करें क्योंकि सरकारी भवनों का घोर अभाव है। सैचेटिंग प्लान्ट कार्यालय के उत्तर दिशा में रैक पर वहुत से पुराने कागजात का अम्बार लगा हुआ पाया गया, जो चिन्ताजनक है। अधीक्षक उत्पाद, मधुवनी को आदेश दिया जाता है कि इसकी जांच कर एक प्रतिवेदन दें कि ये किस प्रकार के कागजात हैं। यदि ये कागजात काम के लायक नहीं हैं, तो इसे अभिलेख हस्तक के नियम के आलोक में सरकार से दिशा निर्देश प्राप्त कर विनिष्ट करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## (2) पूर्व निरीक्षण :-

इस सैचेटिंग प्लान्ट का निरीक्षण पूर्व में निम्नांकित पदाधिकारियों के द्वारा उनके नाम के सामने अंकित तिथियो में किया गया है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | अधीक्षक उत्पाद, मधुवनी | – | 29.04.2002 |
| 4. | निरीक्षक उत्पाद, आसवन एवं भंडागार, विहार, पटना (उत्तरी क्षेत्र) | – | 17.04.2000 |
| 5. | क्षेत्रीय निरीक्षक उत्पाद, सदर क्षेत्र | – | 29.06.2002 |
| 6. | अवर निरीक्षक उत्पाद, सदर क्षेत्र | – | 17.06.2002 |

बताया गया कि उपर्युक्त पदाधिकारियों द्वारा इस सैचेटिंग प्लान्ट का किये गये निरीक्षण का निरीक्षण प्रतिवेदन की प्रतिलिपि सदर उत्पाद कार्यालय में समर्पित की जा चुकी है, परंतु इस संवंध में कोई कागजात नहीं दिखलाया गया। अधीक्षक उत्पाद, मधुवनी को आदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त पदाधिकारियों द्वारा इस सैचेटिंग प्लान्ट का किये गये निरीक्षण के दौरान दिये गये निर्देशों का अनुपालन प्रतिवेदन अविलम्ब अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें।

## (3) पंजी 68 एवं 89 :–

पंजी 68 एवं 89 का अवलोकन किया। पंजियॉ सुव्यवस्थित ढंग से संधारित है। अन्तिम पारक संख्या 144 दिनांक 5–7–2002 को घोघरडीहा देशी शराव को निर्गमन किया गया है। पंजी 68 में अंकित कतिपय ऑकड़े को पंजी 89 के ऑकड़े से मिलान करने पर ठीक पाया गया।

## (4) पंजी 84 :–

यह पंजी अलग–अलग तीन कुण्ड के लिए संधारित है। इसमें एक कुण्ड सुपव कुण्ड है, जिसकी क्षमता 6776.0 वल्क लीटर है तथा पूर्ण मापन एवं रंगाई की तिथि 20/12/2000 है। दूसरी और तीसरी कुण्ड संख्या 2 एवं 3 मद्य ह्रास कुण्ड है, जिसकी क्षमता 1851.0 वल्क लीटर और 1950.0 वल्क लीटर है, जिसकी पूर्ण मापन एवं रंगाई की तिथि 20/12/2000 है।

## (5) उत्पाद रसायन परीक्षक का प्रतिवेदन :–

दिनांक 24/01/2002 मे भेजे गए जल एवं सुपव के नमूने पर रसान परीक्षक, विहार, पटना का प्रतिवेदन प्राप्त हो चुका है। इस मद्य भंडागार में इसी प्रतिवेदन के आधार पर 0.25% अधिक जल लेकर मद्य ह्रास किया जाता है।

## (6) हाइड्रोमीटर सेट :–

इस कार्यालय में हाइड्रोमीटर सेट 6 (छः) है, जिसका सत्यापन उत्पादन रसायन परीक्षक, विहार, पटना द्वारा दिनांक 27/12/2000 को किया गया है।

## (7) पंजी 86 एवं 87 :–

इस पंजी का अवलोकन किया। इस पंजी के अवलोकन से प्रतीत होता है कि वित्तीय वर्ष 2002–2003 में एस0 सी0 आई0 इंडिया लि0, रैयपुरा रजौन, वांका (भागलपुर) के आसवन गृह से कुल तीन प्रेषण अब तक प्राप्त हुआ है, जिसका विवरण निम्नवत है :–

| क्रमांक | पारक संख्याएवं तिथि | प्रेषित मात्रा | संचित मात्रा | मार्गस्त क्षति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | 5 दि0 23/04/2002 | 19908.0 एल0 पी0 एल0 | 19839.6 एल0 पी0 एल0 | 64.4 एल0 पी0 एल0 |
| 2. | 22 दि0 29/05/2002 | 199944.0 एल0 पी0 एल0 | 19860.9 एल0 पी0 एल0 | 83.1 एल0 पी0 एल0 |
| 3. | 42 दि0 22/06/2002 | 19956.0 | 19869.2 एल0 पी0 एल0 | 86.8 एल0 पी0 एल0 |

बताया गया कि पंजी–86 के अतिरिक्त पंजी 87 का भी संधारण किया जाता है, जिसके अन्तर्गत ड्रामों में भी सुषव का संचय किया जाता है।

## (8) पंजी 88 :–

इस पंजी का अवलोकन किया गया। पंजी के अवलोकन से पता चलता है कि प्रविष्टियों की पंजी 44 प्रपत्र। एवं 2 में अंकित प्रविष्टियों से मिलान किया गया है। प्रपत्र 1,2 एवं 3जो सैचेटिंग प्लान्ट के अन्तर्गत है, में अंकित प्रविष्टियों को परस्पर मिलान करने पर ठीक पाया गया।

## (9) निर्गमन :–

माह जून–2002 तक निर्गमणका ब्यौरा निम्नवत पाई गई :–

| माह | वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 2002–2003 | गत वित्तीय वर्ष 2001–2002 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| जून में | 19823.2 एल0 पी0 एल0 | 2313.9 एल0 पी0 एल0 |
| जून तक | 53380.0 एल0 पी0 एल0 | 34891.2 एल0 पी0 एल0 |

## (10) राजस्व :–

वर्ष 2001–2002 एवं 2002–2003का राजस्व का तुलनात्मक विवरण निम्नवत है :–

| माह | वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 2002–2003 | गत वित्तीय वर्ष 2001–2002 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| जून में | 7,00,000 = 00 | 14,00,000=00 |
| जून तक | 21,00,000 = 00 | 14,00,000=00 |

(11) स्कन्ध :–

स्कन्ध का भौतिक सत्यापन किये जाने पर स्थिति निम्नवत पाई गयी :–

| कुण्ड संख्या | गहराई | ताप | संकेत | शक्ति | वल्क लीटर | एल0 पी0 एल0 | पुस्तशेष | अन्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पंजी–87 | 8 X | X | X | X | X | X | X | X |
| I | 74.0 | 84.0 | 14.2 | 66.0 | 3407.36 | 5656.2 | 5656.2 | X |
| II | मद्य ह्रासकरण के अन्तर्गत | | | | | | 677.2 | |
| III | मद्य ह्रासकरण के अन्तर्गत | | | | | | 660.6 | |
| प्रपत्र–II | 400 एम0 एल | 200 एम0 एल0 | | | 554.0 | 221.6 | 221.6 | |
| - | 1385 | X - | | | | - | 7215.6 | |

ह0/–डा0 बी0 राजेन्द्र,
स मा ह र्त्ता,
मधुबनी।

ज्ञाप संख्या 251 / सामान्य ...... दिनांक 22/8/2002 ई0।

प्रतिलिपि :– मुख्य सचिव, विहार, पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सदस्य, राजस्व पर्षद, विहार, पटना की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– आयुवत एवं सचिव, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, विहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– अधीक्षक उत्पाद, मधुबनी को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

Brajendra 22.8.2002
स मा ह र्त्ता,
मधुबनी।